# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री सूर्यकान्त शर्मा (आर.ए.एस.)

मु.न.- 210 /2024

काशीराम पुत्र भैराराम जाति माली निवासी तारानगर जिला चूरू। - प्रार्थी -

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) तारानगर। - अप्रार्थी -

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवनयू एक्ट व धारा 88 आर.टी.एक्ट.**

## निर्णय

दिनांक 10/07/24

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना मय शपथ पत्र में संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी के नाम कृषि भूमि रोही मौजा तारानगर के खसरा सं. 1534/347 तादादी 0.0253 हेक्ट., खसरा नं. 1538/348 तादादी 02.0106 हैक्ट कुल तादादी 02.0359 हैक्ट. हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम काशीराम पुत्र भैरूराम अंकित है जो गलत है, जबकि प्रार्थी का काशीराम पुत्र भैराराम सही हैं। प्रार्थी के आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधारकार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम काशीराम पुत्र भैराराम है। नाम में भिन्नता होने के कारण प्रार्थी को कृषि ऋण, फसल बेचान आदि में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब प्रार्थी जमाबन्दी में अपना नाम दुरूस्त करवाना चाहता है। जमाबन्दी में अपना नाम दुरूस्त करवान के लिए प्रार्थी ने तहसीलदार के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया था। परन्तु तहसीलदार ने बिना किसी न्यायालय के आदेश के नाम दुरूस्त करने से इंकार कर दिया। इसलिए श्रीमानजी के समक्ष प्रार्थना प्रत्र पेश कर रहा है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कृषि भूमि रोही मौजा तारानगर के खसरा सं. 1534/347 तादादी 0.0253 हेक्ट., खसरा नं. 1538/348 तादादी 02.0106 हैक्ट कुल तादादी 02.0359 हैक्ट. में प्रार्थी का नाम काशीराम पुत्र भैराराम किये जाने का आदेश प्रदान करें।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी द्वारा तहसीलदार तारानगर के समक्ष दियें प्रार्थना पत्र में आई प्राप्त रिपोर्ट तहसीलदार तारानगर के अनुसार प्रार्थी राजस्व रिकार्ड में अपना नाम दुरूस्त करवाना चाहता है। अब प्रार्थी अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधारकार्ड, शपथ पत्र व अन्य दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थी अपना नाम काशीराम पुत्र भैरूराम की जगह काशीराम पुत्र भैराराम करवाना चाहता है। आज दिनांक तक राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम काशीराम पुत्र भैरूराम ही दर्ज है। अतः प्रार्थी काशीराम पुत्र भैरूराम की जगह काशीराम पुत्र भैराराम दुरूस्त किया जाकर राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाना उचित होगा।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार तारानगर की रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन आधारकार्ड, पहचान पत्र से वादी का दस्तावेजीय नाम काशीराम पुत्र भैराराम पाया जाता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा कृषि भूमि रोही मौजा तारानगर के खसरा सं. 1534/347 तादादी 0.0253 हेक्ट., खसरा नं. 1538/348 तादादी 2.0106 हैक्ट कुल तादादी 2.0359 हैक्ट. के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रविष्टि **काशीराम पुत्र भैरूराम** Delete कर इसके स्थान पर **काशीराम पुत्र भैराराम** अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्त किया जाने का आदेश दिया जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। इस विचार न्यायालय का यह निर्णय अपीलीय निर्णय है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10/07/24 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सूर्यकान्त शर्मा आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)